भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 777
दिनांक 07.02.2023 को उत्तरार्थ

फिट इंडिया जिम्नेजियम मूवमेंट

†777. श्री मद्दीला गुरुमूर्तिः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राज्य फिट इंडिया जिम्नेजियम मूवमेंट के अनुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में व्यायामशालाएं खोलना आरम्भ कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन व्यायामशालाओं को चलाने के लिए कुछ वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक कितनी व्यायामशालाएं शुरू की गई हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पंचायती राज राज्य मंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) से (घ) "खेल" राज्य का विषय होने के कारण प्रत्येक ग्राम पंचायत में ओपन जिम्नेजियम शुरू करने का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का है। केंद्र सरकार, महत्वपूर्ण अंतरालों को पाटकर, उनके प्रयासों का अनुपूरण करती है। खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का उपयोग और निर्माण/उन्नयन" घटक के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय मूलभूत खेल अवसंरचना जैसे खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी फील्ड, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदानों, बहुउद्देशीय हॉलों, तरणतालों आदि के निर्माण सहित खेल उपकरणों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसी तरह, पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत मूल (अबद्ध) अनुदान का उपयोग पंचायतों द्वारा बच्चों के पार्क, खेल के मैदान, खेल और शारीरिक फिटनेस उपकरणों सहित मनोरंजन सुविधाओं के लिए किया जा सकता है।

***